पंचदश बिहार विधान सभा

सप्तदश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-05.08.2015 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० श्री भाई बीरेन्द्र, स०वि०स०	"भागलपुर जिलान्तर्गत N.H.80 पथ पीरपैंती से लेकर कहलगाँव होते हुए सबौर तक बड़े-बड़े गड्ढें में तब्दील हो गया है । कहलगाँव और सबौर के बीच दो-तीन माह पूर्व किये गये पथ मरम्मती का कार्य भी डेढ़-दो फीट गड्ढे में तब्दील हो गया है । भैना पुल का डाइवर्शन जल प्रवाह में बह चुका है । गेरूआ नदी पुल में भी काफी बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं । बहुत बड़ा हादसा हो सकता है । उसी तरह त्रिमुहान-एकचारी-दिग्घी पथ का पुनर्निर्माण कार्य भी मंथर गति से चल रहा है । बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील इस पथ को संवेदक द्वारा चलने लायक भी नहीं बनाया गया है । उसी तरह घोघा-सन्हौला पथ में भी काफी बड़े-बड़े गड्ढें हो गए हैं । अत: उपरोक्त पथों की दयनीय स्थिति से उत्पन्न कठिनाइयों का त्वरित निदान हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	पथ निर्माण

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	डा० रणविजय कुमार, स०वि०स० श्रीमती उषा सिन्हा, स०वि०स०	"औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड में बाजार के बीच रोड गुजरती है । वह बहुत संकीर्ण है । बराबर जाम की समस्या बनी रहती है । यह पथ गया-दाउदनगर एस०एच० पचरूखिया से हसपुरा, पीरू होते हुए मेहन्दिया एन०एच०-98 से मिलती है । यह पथ निर्माण विभाग की सड़क है । अत: हसपुरा बाजार को जाम की समस्या से बचाने के लिए बाईपास का निर्माण कराने हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	पथ निर्माण

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-29/15- 1403 / वि०स०, पटना, दिनांक- 04 अगस्त, 2015 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4.8.15
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-29/15- 1403 / वि०स०, पटना, दिनांक- 04 अगस्त, 2015 ई० ।

प्रति :- उप सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

4.8.15
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।